FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## सराहनीय कार्य दिनाँक 28-09-2025 थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गुलफाम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 मिस कारतूस बरामद ।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल कराया गया भर्ती .**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष चैकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम को दिनांक 28-09-2025 को सुबह समय करीब 04.50 बजे मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0स0 153/25 धारा 109(1),333,351 बीएनएस में वांछित अभियुक्त गुलफाम इस समय साती हाथवंत रोड पर साखिनी चौराहा के पास देखा गया है, जो कि कही भागने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा साती हाथवंत रोड पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा उसके नजदीक पहुंचकर रुकने का इशारा किया गया तो पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0स0 153/25 धारा 109(1), 333, 351 बीएनएस के वांछित अभियुक्त गुलफाम पुत्र चिराग निवासी रसूलपुर टंकी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्त गुलफाम को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर बरामद हुए है। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. गुलफाम पुत्र चिराग निवासी रसूलपुर टंकी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद

### बरामदगी का विवरण –

1.01 तमंचा 315 बोर।
2. 01 खोखा कारतूस।
3. 01 मिस कारतूस 315 बोर।

**गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2.उ0 नि0 अंकुर चौधरी थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3.उ0नि0 सोमिल राठी थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4.हे0का0 अजीत सिंह थाना खैरगढ़ फिरोजाबाद।
5. का0 रवि चौहान थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 चालक पवन कुमार थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।